Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 258 □ रायपुर, रविवार 12 अक्टूबर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

### पीएम सूर्य घर योजना में अच्छा काम करने पर कोरबा कलेक्टर की हुई तारीफ

## दूसरे जिले भी इस तरह के नवाचार के लिए करें प्रयास : साय



**रायपुर** 12 अक्टूबर (हाईवे चैनल चैनल)। मंत्रालय में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में कोरबा जिले के प्रदर्शन की विशेष सराहना की गई. प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में जिले ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि कोरबा में योजना का क्रियान्वयन प्रभावशाली रहा है और इसे अन्य जिलों के लिए उदाहरण माना जा सकता है. बता दें कि पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर ने कोरबा कलेक्टर के काम पर सवाल उठाते हुए सरकार से उन्हें हटाए जाने की मांग की थी. कलेक्टरों के कामकाज की समीक्षा के दौरान सरकार ने अब उनकी पीठ थपथपाई है.

दरअसल कलेक्टर्स कांफ्रेंस के दौरान कलेक्टर अजीत वसंत ने बताया कि जिले में विशेष पिछड़ी जनजातियों बैगा और कोरवा समुदायों के बीच प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को प्राथमिकता से लागू किया गया है. उन्होंने कहा कि डीएमएफ (जिला खनिज फाउंडेशन) के सहयोग से योजना की प्रगति सुनिश्चित की जा रही है. कांफ्रेंस के दौरान कोरबा कलेक्टर ने बताया कि विशेष पिछड़ी जनजातियों से जुड़े 700 घर जो पीएम जनमन योजना के तहत बनाये जा रहे हैं, उन घरों में हम सूर्य घर योजना का लाभ दे रहे हैं. कुल 60 हज़ार रुपए की राशि डीएमएफ से दी जाएगी। इसमें से 45 हज़ार रुपए सरकारी सब्सिडी है और 15 हज़ार रुपए डीएमएफ की राशि है. मुख्यमंत्री साय ने सभी कलेक्टरों से कहा कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र परिवारों तक पहुँचाना हमारी प्राथमिकता है. साथ ही ग्रामीण हितग्राहियों के लिए बैंक फाइनेंस की प्रक्रिया को सरल बनाने के निर्देश दिए.

### धान खरीदी पर सख्त निर्देश

कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 नवंबर से शुरू होने वाली धान खरीदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी जिले में गड़बड़ी या अनियमितता मिलने पर संबंधित कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने जांजगीर जिले में किसानों के कम पंजीयन पर नाराजगी जताई और जल्द पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए. मुख्यमंत्री ने कहा कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम होनी चाहिए, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े.

### पीएम किसान सम्मान निधि में 100 प्रतिशत पंजीयन के निर्देश

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा करते हुए सभी जिलों को एक माह के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन पूरा करने के निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र किसान योजना से वंचित न रहे और विशेष पिछड़ी जनजातियों के किसानों के लिए विशेष शिविरों का आयोजन किया जाए. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा — प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में कोई पात्र किसान छूटना नहीं चाहिए. निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी.

## बिहार में सीट बंटवारे में कोई अड़चन नहीं : पवन खेड़ा



कहा- महागठबंधन के सहयोगी मिलकर लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन खेड़ा ने रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, बिहार चुनाव को लेकर महागठबंधन में सीट बंटवारे पर कोई अड़चन नहीं है, जैसी कि भाजपा को उम्मीद थी।

पवन खेड़ा ने कहा कि हर पार्टी को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। हम साथ मिलकर चुनाव लड़ेंगे। हर पार्टी को अपने विचार व्यक्त करने का अधिकार है। खेड़ा यहां सेंट जेवियर्स कॉलेज में %संविधान में आदिवासी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत% विषय पर आयोजित एक परिचर्चा में भाग लेने के लिए रांची आए हैं। पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ रही है। हमारा गठबंधन सुव्यवस्थित और मजबूत है। बिहार की जनता बदलाव चाहती है। हम पूरी तैयारी के साथ मैदान में हैं। पवन खेड़ा ने आरजेडी के उस वादे का भी समर्थन किया, जिसमें सरकार बनने पर बिहार के हर घर में सरकारी नौकरी देने की बात कही गई है। पवन खेड़ा ने कहा, आरजेडी ने पहले भी सरकारी नौकरियां दी हैं, यह कोई खोखला वादा नहीं, बल्कि एक संकल्प है, जिसे पूरा किया जाएगा।

## महिला सुरक्षा को लेकर 2500 संस्थानों को नोटिस किया जारी

**श्रम विभाग की कार्रवाई**

**रायपुर** 12 अक्टूबर (हाईवे चैनल चैनल)। छत्तीसगढ़ सरकार ने महिलाओं की कार्यस्थल सुरक्षा पर बड़ा एक्शन प्लान लागू किया है. अब सरकारी और निजी कार्यालयों, दुकानों, मॉल, स्कूल, अस्पताल, होटल-रेस्टोरेंट, फैक्ट्रियों और कांट्रेक्ट एजेंसियों, सभी जगह महिला शिकायत समितियां बनाना अनिवार्य कर दिया गया है.

श्रम विभाग ने इस संबंध में हजारों संस्थानों को नोटिस जारी किए हैं. रायपुर में ही 2500 से ज्यादा संस्थानों को नोटिस भेजी गई है, जबकि 2700 से अधिक संस्थानों ने समिति गठन की रिपोर्ट सरकार को सौंप दी है. यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 12 अगस्त के आदेश पर की जा रही है. कलेक्टरों को इसकी सीधी जिम्मेदारी दी गई है. समिति में एक पीठासीन अधिकारी (सीनियर महिला कर्मचारी) और चार सदस्य होंगे. एडवोकेट मृदुला सिंह का कहना है, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद पीड़ित महिलाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय मिलने की संभावना काफी बढ़ जाएगी.

### ब्रेकिंग न्यूज

### असम में 8 करोड़ के मादक पदार्थ और तस्करी की गई सिगरेट जब्त

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि शनिवार को असम के कछार जिले में आठ करोड़ रुपये मूल्य की याबा टैबलेट और तस्करी की गई सिगरेट जब्त की गईं। उन्होंने कहा कि यह बरामदगी असम पुलिस और असम राइफल्स के संयुक्त अभियान के दौरान की गई। मुख्यमंत्री ने बताया कि बराक नदी में अभियान के दौरान एक नौका को रोका गया। शर्मा ने कहा कि उसके पास से आठ करोड़ रुपये मूल्य की 10,000 याबा टैबलेट और 'एसेंशियल लाइट सिगरेट' के 1,25,000 पैकेट बरामद किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा, ''असम पुलिस के लिए यह बड़ी जीत है।

### एमबीबीएस छात्रा से दरिंदगी में चौथा आरोपी हिरासत में

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल पुलिस ने दुर्गापुर में एक निजी मेडिकल कॉलेज की द्वितीय वर्ष की एमबीबीएस छात्रा के साथ हुए सामूहिक बलात्कार के मामले में जांच को गति देते हुए एक और व्यक्ति को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही, इस मामले में कुल गिरफ्तार/हिरासत में लिए गए लोगों की संख्या चार हो गई है। पुलिस ने इस मामले में पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया था, और अब चौथे व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों और हिरासत में लिए गए व्यक्ति - सभी स्थानीय निवासी बताए जा रहे हैं। आरोपियों के नाम, अपू बाउरी (21), फिरदौस सेख (23), सेख रियाजुद्दीन (31) और शेख सोफिकुल। अधिकारियों ने बताया कि इन सभी आरोपियों और हिरासत में लिए गए व्यक्ति को आज (रविवार को) अदालत में पेश किया जाएगा।

### हावड़ा में घर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति घायल

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल के हावड़ा में शनिवार को एक घर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट शहर के जगाचा थाना क्षेत्र में अंबिका कुंडू लेन स्थित तीन मंजिला इमारत के भूतल पर शाम करीब साढ़े पांच बजे हुआ। उन्होंने कहा कि घायल व्यक्ति की पहचान आकाश हेला (32) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उसे इलाज के लिए कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है।अधिकारियों ने कहा कि यह मकान प्रदीप लाहिड़ी नामक व्यक्ति का है, जो सड़क पर रहने वाले बच्चों के लिए काम करने वाले एक स्वैच्छिक संगठन से जुड़े हैं।

## मंगलसूत्र से गला घोंटकर हत्या के बाद पति ने फांसी लगाई

**कोरबा( पसान,** 12 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। रविवार की सुबह पसान थाना क्षेत्र के ग्राम लैंगा में उस वक्त शोक मिश्रित सनसनी फैल गई जब एक घर के कमरे में पति-पत्नी की लाश मिली। पत्नी का शव खाट पर व फंदे पर पति की लाश लटकी थी।



आपसी विवाद का मामला

जानकारी के अनुसार सूचना पर पसान पुलिस मौके पर पहुँची। प्रारम्भिक पूछताछ में घटना की वजह पति-पत्नी में विवाद बताया जा रहा है। बीती रात भी दोनों में जमकर विवाद हुआ था। विवाद की वजह स्पष्ट नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि पति ने पहले पत्नी की मंगलसूत्र से गला घोट कर हत्या कर दी और बाद में खुद भी फांसी लगा लिया।

मृतक दंपति के 4 बच्चे हैं। घटना कल शनिवार रात की है जिसकी सूचना बाद पुलिस ने देर रात्रि कमरे को कर दिया था। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक की टीम के साथ आज सुबह से विस्तृत पड़ताल शुरू की गई है। थाना प्रभारी से आरोपी और मृतक का नाम जानने फोन किया गया, लेकिन नेटवर्क के कारण बात नहीं हो सकी है। .

## उदंती-सीता अभ्यारण्य से लगातार हो रही थी सागौन की तस्करी, वन विभाग की दबिश पर लकड़ी छोड़ भागे तस्कर

**गरियाबंद** 12 अक्टूबर (हाईवे चैनल चैनल)। गरियाबंद. उदंती-सीता अभयारण्य में सागौन तस्करों के खिलाफ वन विभाग को बड़ी सफलता मिली है. ओडिशा से जुड़े तस्कर लंबे समय से 'पुष्पा-स्टाइल' में सागौन की तस्करी कर रहे थे. वे नदी के बहाव का फायदा उठाकर लकड़ियों को बहा देते थे, जिन्हें आगे जाकर सिंदूरशील और सुनाबेड़ा घाट पर निकाल लिया जाता था. लेकिन इस बार वन विभाग की सजगता से उनका यह नया तरीका भी नाकाम हो गया.



जल्द गिरफ्तार होगा आरोपी

जानकारी के अनुसार, अभयारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन को कुछ दिन पहले सूचना मिली थी कि दक्षिण उदंती इलाके में तस्कर नदी के रास्ते सागौन लकड़ी भेज रहे हैं. इस पर विभाग ने गुप्त रणनीति बनाते हुए इलाके में घेराबंदी की. जब तस्करों ने टीम को आता देखा तो वे मौके से भाग निकले, लेकिन विभाग के कर्मियों ने साहस दिखाते हुए नदी में छलांग लगाकर सागौन के लठ्ठों को बरामद कर लिया.बताया गया है कि तस्कर चार-चार लठ्ठों को जोड़कर नदी में बहाते थे, ताकि वे बहाव के साथ ओडिशा सीमा तक पहुंच जाएं. वन विभाग की टीम ने इस तरकीब को विफल कर तस्करों के मंसूबों पर पानी फेर दिया. उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि मौके से कई सागौन लठ्ठे जब्त किए गए हैं और तस्करों की पहचान की जा रही है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि सभी आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं. उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जाएगा.

बता दें कि पिछले दो वर्षों में उदंती-सीता अभयारण्य प्रशासन ने ओडिशा के तस्करों के खिलाफ 20 से अधिक सफल ऑपरेशन चलाए हैं, जिनमें करीब 80 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं. लाखों रुपए की कीमती लकड़ी जब्त की गई है और 50 से ज्यादा वन्यजीव तस्करों पर भी कार्रवाई हुई है. अभयारण्य प्रशासन का कहना है कि तस्करी पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए सीमावर्ती इलाकों में सघन निगरानी बढ़ाई जा रही है और नदी मार्ग की नियमित मॉनिटरिंग जारी रहेगी.

## तालिबान का दावा : 25 पाक चौकियों पर कब्जा 58 पाक सैनिक ढेर व जेट तबाह

**नई दिल्ली,** 12 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। पाकिस्तान और अफगानिस्तान की सीमा पर एक बार फिर गंभीर झड़पें शुरू हो गई हैं। पाकिस्तान द्वारा काबुल पर एयर स्ट्राइक के जवाब में अफगानी सेना ने पाकिस्तानी सीमा पर मोर्चा खोल दिया। अफगानी सेना की जवाबी कार्रवाई में दर्जनों पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और कई चौकियों पर कब्जा कर लिया गया। इस संघर्ष के केंद्र में कुनर और हेलमंद जिले हैं। अफगानिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसने सीमा पर रात भर चलाए गए अभियानों में 58 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। यह कार्रवाई अफगान अधिकारियों के अनुसार पाकिस्तान द्वारा बार-बार उनके क्षेत्र और हवाई क्षेत्र का उल्लंघन करने के जवाब में की गई।

इस सप्ताह की शुरुआत में अफगान अधिकारियों ने पाकिस्तान पर राजधानी काबुल और देश के पूर्वी हिस्से में एक बाजार पर बमबारी करने का आरोप लगाया था, हालांकि पाकिस्तान ने इस हमले की जिम्मेदारी लेने से इंकार किया है। इसके साथ ही अफगान-तालिबान बलों ने कुनर, नंगरहार, हेलमंद, पक्तिया और खोस्त प्रांतों में बख्तरबंद यूनिट, आर्टिलरी और स्ट्राइक ड्रोन तैनात किए हैं, विशेष रूप से डूरंड लाइन के पास भारी सतत चौकसी के लिए। अफगान अधिकारियों के अनुसार, यह तैनाती इस संदेश के रूप में है कि अगर पाकिस्तान ने सीमा का उल्लंघन किया तो उसे कड़ा जवाब मिलेगा। तालिबान सूत्रों का दावा है कि उन्होंने कई पाकिस्तानी चौकियों पर कब्जा कर लिया है।

**कांग्रेस संगठन चुनाव**

## विधानसभा वार हुई ब्लॉक पदाधिकारियों से चर्चा

**रायपुर,** 12 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। 11 अक्टुबर 25 संगठन सृजन अभियान के तहत आज विधानसभा वार ब्लॉक पदाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह चर्चा रायपुर पश्चिम विधानसभा के भीमसेन भवन मे सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक और रायपुर उत्तर विधानसभा के दया भवन दोपहर, 3 बजे से शाम 7 बजे तक संपन्न हुई। दोनों ही स्थानों पर कार्यकर्ताओं और दावेदारों का उत्साह देखते ही बन रहा था।



■ केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने सभी से एक-एक कर मुलाकात की, कहा- संगठन की मजबूती कार्यकर्ता के एकजुट प्रयास से ही संभव

रायपुर पश्चिम एवं उत्तर विधानसभा क्षेत्रों से आए ब्लॉक पदाधिकारी और दावेदार अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा व सक्रियता का प्रदर्शन किया।हर बैठक में कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि कांग्रेस का वास्तविक बल कार्यकर्ता ही हैं।दावेदारों ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन सृजन अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया और संगठन को मजबूत करने के संकल्प दोहराए। कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय पर्यवेक्षक प्रफुल्ल गुढाडे ने दिनभर सभी पदाधिकारियों, दावेदारों और कार्यकर्ताओं से एक-एक कर मुलाकात की। उन्होंने सभी की राय, सुझाव और अनुभवों को सुना तथा कहा की हम केवल माध्यम हैं, संगठन की दिशा और निर्णय कार्यकर्ता तय करेगा। कांग्रेस की आत्मा उसका कार्यकर्ता है। पर्यवेक्षक ने आगे कहा कि संगठन सृजन अभियान का उद्देश्य लोकतांत्रिक भागीदारी के माध्यम से एक सशक्त, पारदर्शी और सक्रिय संगठन का निर्माण करना है। संगठन सृजन के छत्तीसगढ़ की ओर से सह प्रभारी पूर्व विधायक शैलेश पांडे पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल ने जानकारी दी कि रायपुर पश्चिम विधानसभा में कार्यक्रम भीमसेन भवन एवं रायपुर उत्तर विधानसभा के दया भवन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। केंद्रीय पर्यवेक्षक ने ब्लॉक पदाधिकारियों, दावेदारों और कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा की,कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्र में संगठन को मजबूत करने के संकल्प दोहराए,संपूर्ण प्रक्रिया में पारदर्शिता, एकजुटता और उत्साह का माहौल रहा। इस दौरान प्रतिमा चंद्राकर शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कुलदीप जुनेजा पंकज शर्मा मुख्य रूप से मौजूद रहे।